# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया को मान्यता दी गयी है। मीडिया ही लोकतंत्र के प्रति सजग प्रहरी के रूप में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कर अन्य तीन स्तम्भों को किसी न किसी रूप में झकझोरती है। उन्होंने कहा कि किन्हीं कारणों से छूटे हुए मुद्दों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत कर मीडिया उसे जनसरोकार से जोड़ती है। मीडिया की भूमिका पूरी दुनिया में समय–समय पर अलग–अलग रूप में देखने को मिली है। विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ दो हजार पचीस की सफलता में मीडिया का योगदान सराहनीय रहा है।

***इतने बड़े आयोजन के रूप में दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के रूप में बदलने का काम मीडिया के सकारात्मक लेखनी ने किया है। और जब कोई आयोजन बड़ा होता है तो उसके भी परिणाम बहुत आयामी होते हैं। समाज को जोड़ने का आधार बना है एक भारत श्रेष्ठ भारत का तो आधार बना ही है लेकिन संस्कृति भी स्मृद्धि का कारण बन सकती है। आस्था भी आजीविका का माध्यम बन सकती है यह आपने देखा होगा। पहली बार यह भी देखने को मिला है।***

मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण समारोह में पत्रकारों और प्रबुद्ध जनों को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा सोशल मीडिया का उपयोग कर रही है क्योंकि उसके पास समय कम है। ऐसे में मीडिया संस्थानों की जिम्मेदारी और बढ़ गयी है कि वह युवाओं तक सकारात्मक चीजें पहुंचायें। कुछ लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग कर नकारात्कता फैलाने का काम कर रहे हैं, ऐसे में मीडिया जगत अपने जिस भूमिका के लिये जानी जाती है, उसी भूमिका के साथ उसे आगे बढ़ना होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मीडिया के सकारात्मक पहल और जरूरतों को पूरा करने के लिये सरकार उनके साथ है।

***मीडिया में इस सकारात्मक भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए जिस भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी सरकार आपके साथ खड़ी होगी क्योकि वह अंततः समाज से जुड़ा हुआ कोई भी कार्य यह सरकार का ही कार्य होता है। जो भी इस प्रकार की पहल होगी जिससे समाज कल्याण का कार्य प्रसस्त होता है उसमें सरकार की थोड़ी सकारात्मक भूमिका के साथ सहयोग प्राप्त होगा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आये डेढ़ सौ से अधिक लोगों की समस्यायें सुनी और सम्बन्धित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबका विश्वास, सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों को सरकार की योजना का लाभ पहुंचाया जाय और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। जनता दर्शन के दौरान परिजनों के इलाज के लिये आर्थिक सहायता मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ है। किसी के इलाज में कोई दिक्कत नहीं होगी सभी को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रदेश के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कई जिलों के जिलाध्यक्षों को बदल दिया है जबकि कुछ जगहों पर पुराने जिलाध्यक्षों को ही दोबारा मौका दिया गया है। इस बार संगठन में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ायी गयी है। कई जिलों में महिला को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। गोरखपुर में जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। वहीं, महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी देवेश श्रीवास्तव को दी गयी है। इसी तरह आजमगढ़ से ध्रुव कुमार सिंह, लालगंज से विनोद राजभर, संतकबीरनगर से नीतू सिंह, महराजगंज से अशोक उर्फ संजय पाण्डेय, मऊ से रामाश्रय पाण्डेय, कुशीनगर से दुर्गेश राय, बस्ती से विवेकानन्द मिश्र और बलिया से संजय मिश्रा को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, विजय मौर्य को लखनऊ का जिलाध्यक्ष और आनंद द्विवेदी को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह बहराइच से ब्रजेश पाण्डेय, गोण्डा से अमर किशोर कश्यप, श्रावस्ती से मिश्रीलाल वर्मा, प्रतापगढ़ से आशीष श्रीवासतव, गाजीपुर से ओम प्रकाश राय, हरदोई से दीपक मिश्रा, मछलीशहर से डॉक्टर अजय कुमार सिंह, सुल्तानपुर से सुशील त्रिपाठी और अमेठी से सुधांशु शुक्ला को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर एक, आठ, शून्य, शून्य, एक, एक, सात, आठ, शून्य, शून्य, के माध्यम से दे सकते हैं।

**********

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष सोलह मार्च को मनाया जाता है।

**********